AJR8QX4

**संकलित परीक्षा - II (2014-2015)**
**हिन्दी 'ब'**
**कक्षा -IX**

**निर्धारित समय : 3 घण्टे** **अधिकतम अंक :90**

**निर्देश :**

(1) इस प्रश्न-पत्र के चार खंड हैं - क, ख, ग और घ ।
(2) खंड -क प्रश्न संख्या 2 मुक्त पाठ पर आधारित है।
(3) चारों खंडों के प्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है।
(4) यथासंभव प्रत्येक खंड के उत्तर क्रमश: दीजिए।

## खण्ड-क
### ( अपठित बोध एवं मुक्त पाठ )

1 **निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए।(2x5=10)**

सरोजिनी की माता वरदासुंदरी कोमल स्वभाव की और स्वप्नदृष्टा थीं। वे मानी हुई गायिका थीं और उनकी आवाज चिड़ियाँ जैसी मीठी थी। बचपन में उन्होंने पूर्वी बंगाल के गाँव के स्कूल में हुई गीत प्रतियोगिता में वायसराय का सोने का पदक जीता था। उनके सबसे छोटे पुत्र हरींद्रनाथ ने उनके बारे में लिखा है - "वे हैदराबाद वाले घर के आँगन की पुराने फाटक की तरह खुलने वाली चौड़ी खिड़की की चौखट पर बैठने की शौकीन थीं। जब वे गाती थीं तो आँखों में आँसू आ जाते थे, आवाज घुट जाती थी। तब उनके बच्चे चिल्लाते थे, माँ तुम इतना प्यारा गाती हो, पर रोती क्यों हो?'

वरदासुंदरी केवल गाती ही नहीं थीं, बल्कि सुंदर बंगला गीत भी लिखती थीं। उनके पति बहुत बार उनसे गाने या गीत सुनाने के लिए कहते थे। उनके समसामयिक कवि उन्हें अच्छी कवयित्री मानते थे। उनके बच्चों के लिए प्राय: माँ का गाना या कविता सुनाना, पिता का ऊँची आवाज में अपनी बात बताना एक आम बात थी। इस घर में संगीत, नाटक और कविता का वातावरण तो था ही, बहुत कुछ पाने के स्वप्न और हवाई किले बनाना भी था। वहाँ एक मानवीय स्पर्श था, जो गरीब-अमीर सभी के लिए समान था।

(क) वरदासुंदरी कौन थीं तथा उनकी क्या विशेषता थी ?
(ख) वरदासुंदरी ने सोने का पदक कब व कहाँ जीता ?
(ग) वरदासुंदरी के बच्चे अपनी माँ से क्या-क्या आग्रह करते थे ? क्यों ?
(घ) हरीन्द्रनाथ तथा उनके भाई-बहनों के लिए घर की सामान्य बातें कौन-सी थीं ?
(ङ) वरदासुंदरी के घर के वातावरण के बार में लिखिए।

**मुक्त पाठ विषय : मंगल पर भारत का मंगलागमन (5+5)**

(i) भारतीय मंगल अभियान की सफलता के अवसर पर प्रधानमंत्री महोदय ने क्या टिप्पणी की और क्यों?
(ii) मॉम की सफलता में उसकी कितनी विशेषताएँ सहायक हुई हैं ? उनके बारे में विस्तार से वर्णन कीजिए?

( *कृपया सुनिश्चित कर लें कि उपरोक्त विषय की मुक्त सामग्री इस प्रश्न-पत्र के साथ संलग्न है)

## खण्ड ख

### ( व्यावहारिक व्याकरण )

3 (क) निम्नलिखित शब्दों के वर्ण-विच्छेद कीजिए : 5

(1) मंत्रणा (2) अग्नि

(ख) निम्नलिखित शब्दों में से उस शब्द को चुनिए, जिसमें अनुस्वार का प्रयोग होता है :

साच, दगा-फसाद

(ग) निम्नलिखित शब्द में उचित स्थान पर अनुनासिक का प्रयोग कर शब्द को दुबारा लिखिए :

कॉटा

(घ) निम्नलिखित शब्द में उचित स्थान पर नुक्ते का प्रयोग कीजिए :

ज़मीर

4 (क) निम्नलिखित शब्दों में सन्धि कीजिए : 4

(1) भारत+ इंदु (2) परि+ ईक्षा

(ख) निम्नलिखित शब्दों में सन्धिविच्छेद कीजिए :

(1) प्रधानाध्यापक (2) भाग्योदय

5 (क) निम्नलिखित शब्दों में मूल शब्दों व उपसर्गों को अलग - अलग करके लिखिए: 6

निर्जीव, परिहास

(ख) निम्नलिखित शब्द में मूल शब्द व प्रत्यय को अलग - अलग करके लिखिए:

कालिमा

(ग) निम्नलिखित में विरामचिह्न लगाइए:

(1) माँ ने चौंककर कहा इतनी देर रात को कहाँ से आ रहे हो ।

(2) मैं स्कूल से आ रहा हूँ पढ़ने गया था ।

(3) सरोज स्मृति सूर्यकांतत्रिपाठी निराला की श्रेष्ठ रचना है ।

## खण्ड ग

### ( पाठ्य-पुस्तक )

**पठित पाठों के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( 2+2+1 )**

6(i) वर्तमान में हमें धर्म का कैसा रूप देखने को मिलता है ? धर्म की आड़' पाठ के आधार पर उत्तर दीजिए।

(ii) महिषकुल के भारतीय युद्ध का पूरा इतिहास कब और कहाँ लिखा दिखाई देता है ? 'कीचड़ का काव्य' पाठ

Page 2 of 5

JSUNIL TUTORIAL

के आधार पर लिखिए।

6(iii) रामन को 'भारत रत्न' पुरस्कार कब मिला था? 'वैज्ञानिक चेतना के वाहक' पाठ के आधार पर लिखिए। 1

7 गांधी जी से मिलने आने वाले लोगों की सहायता महादेव भाई किस प्रकार किया करते थे? 'शुक्रतारे के समान' पाठ के आधार पर लिखिए। 5

8 निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर नीचे लिखे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। (2+2+1) 5

साधारण से साधारण आदमी तक के दिल में यह बात अच्छी तरह बैठी हुई है कि धर्म और ईमान की रक्षा के लिए प्राण तक दे देना वाजिब है। बेचारा साधारण आदमी धर्म के तत्वों को क्या जाने ? लकीर पीटते रहना ही वह अपना धर्म समझता है। उसकी इस अवस्था से चालाक लोग इस समय बहुत बेजा फ़ायदा उठा रहे हैं।

प्रश्न

(क) धर्म और ईमान के लिए प्राण तक देना कौन से लोग उचित मानते हैं और क्यों ?

(ख) किसका फायदा कौन और क्यों उठा रहे हैं ?

(ग) साधारण आदमी धर्म के तत्वों को क्यों नहीं समझ पाते ?

पठित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर लिखिए। ( 2+2+1)

9(i) 'महान दृश्य' से 'अग्निपथ' कविता के कवि का क्या तात्पर्य है ? 2

9(ii) 'एक फूल की चाह' कविता के आधार पर भाव स्पष्ट कीजिए :
जान सका न प्रभात सजग से हुई अलस कब दोपहरी, स्वर्ण-घनों में कब रवि डूबा, कब आई संध्या गहरी। 2

9(iii) राधा कहाँ पर खड़े होकर गीत सुनती है? और क्यों? 'गीत-अगीत' के आधार पर लिखिए। 1

10 'खुशबू रचते हैं हाथ' कविता का प्रतिपाद्य स्पष्ट कीजिए तथा उसके परिप्रेक्ष्य में सामाजिक विषमता पर प्रकाश डालिए। 5

11 ' गाँधी जी के उन गुणों को सूचीबद्ध कीजिए जिनके कारण वे ब्रिटिश सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों से भी आदर पा सके।' 'दिए जल उठे' पाठ के आधार पर लिखिए। 5

## खण्ड घ

## ( लेखन )

दिए गए संकेत बिन्दुओं के आधार पर **किसी एक** विषय पर लगभग 80 से 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए।



JSUNIL TUTORIAL

12(i) बीमारी : दूषित खान-पान का परिणाम 5

- खाने के प्रति लापरवाही
- रोगों का कारण
- निवारण

12(ii) अबला नहीं, सबला है नारी 5

- स्त्री की समाज में भूमिका
- वर्तमान स्थिति
- सबला कैसे ?

12(iii) मैट्रो का सुहाना सफर 5

- परिचय
- कहाँ सफर किया ?
- अच्छे अनुभव

13 अपने सैनिक पिता के साथ बिताए गए दिनों की दिनचर्या का वर्णन करते हुए मामाजी को पत्र लिखिए। 5

14 दिए गए चित्र को ध्यान से देखकर अपने मन में उभरे विचारों को 20-30 शब्दों मेंअपनी भाषा में प्रस्तुत कीजिए। विचारों का वर्णन स्पष्ट रूप में चित्र से ही सम्बद्ध होना चाहिए। 5



15 बच्चे के जन्मदिन पर न आ सकने पर क्षमा माँगते हुए एक पड़ोसी का दूसरे पड़ोसी से संवाद लगभग 50 शब्दों लिखिए।

16 वृक्षारोपणपर20-25 शब्दोंमें एक विज्ञापनतैयारकीजिए।

———x———



JSUNIL TUTORIAL